आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## महत्वपूर्ण खबरें

### सीएम से मिले टाटा स्टील के उपाध्यक्ष



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में टाटा स्टील के उपाध्यक्ष कॉरपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### 10 अफसरों को विशेष सचिव के पद पर प्रमोशन

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 10 अफसरों को भारतीय प्रशासनिक सेवा के सलेक्शन ग्रेड लेबल 13 में प्रमोशन दिया है। इन अधिकारियों को अपर सचिव के पद से विशेष सचिव के पद पर प्रोन्नति दी गयी है। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के तहत अभी उन्हें पदस्थापित स्थान पर ही विशेष सचिव के पद पर उत्क्रमित कर पोस्टिंग की गयी है। इन अधिकारियों को 31 जनवरी 2024 के प्रभाव या पदभार ग्रहण जो बाद में हो की तिथि से प्रमोशन दिया गया है।

### झारखंड प्रभारी का कांग्रेसियों ने किया स्वागत



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर गुरुवार को रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे, अभिषेक साहू, बबलू वर्मा, विजय गुप्ता, गौतम कुमार ने स्वागत किया। मुलाकात के बाद आलोक कुमार दुबे ने कहा कि झारखंड कांग्रेस प्रभारी के नेतृत्व में झारखंड में कांग्रेस का संगठन मजबूत होगा। आने वाले लोकसभा चुनाव में पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगे और 2004 की पुनरावृत्ति करेंगे। गुलाम अहमद मीर कार्यकर्ताओं के साथ जिस प्रकार से संवाद कर रहे हैं और उनकी बातों को समझ रहे हैं। इससे एक-एक कार्यकर्ताओं का भरोसा बढ़ा है।

### बिजली दर में वृद्धि के विरोध में पुतला दहन



रांची (आजाद सिपाही)। बिजली की बढ़ी हुई दर के खिलाफ राज्य सरकार का पुतला दहन कचहरी चौक पर गुरुवार को भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किया। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, शशांक राज, वरुण साहू, रमेश सिंह, रोमित नारायण सिंह, राहुल शाहदेव, संजय महतो ने कहा कि झारखंड सरकार ने जनता की कमर को तोड़नेवाला फैसला सुनाया है। सरकार इस फैसले को अविलंब वापस ले, अन्यथा पूरे राज्य में आंदोलन होगा।

### 27 आइपीएस अधिकारियों का मूवमेंट ऑर्डर जारी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार ने बीते 27 फरवरी की रात 23 आइपीएस का तबादला और एक को अतिरिक्त प्रभार दिया था। वहीं आज 29 फरवरी चार आइपीएस का तबादला और एक के आदेश को विलोपित किया। इन सभी 27 आइपीएस अधिकारियों का गुरुवार को गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने मूवमेंट ऑर्डर जारी कर दिया है। तत्काल सभी अधिकारियों को अपने नव पदस्थापन जगह पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

### महाशिवरात्रि मेला आज से 12 मार्च तक

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के पिठोरिया स्थित बाडू नवा टोली के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी इश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में दो मार्च से 12 मार्च तक भव्य महाशिवरात्रि द्वादस ज्योति लिंगम मेला सह शिव समर्पण अलौकिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में लोग एक छत के नीचे देश के 12 ज्योतिर्लिंग का प्रारूप का दर्शन एक साथ कर सकते हैं। साथ ही सात मार्च को विशेष समर्पण विवाह समारोह सह भंडारा होगा। महोत्सव के लिए संस्था की संचालिका बीके राजमती ने कहा कि यह मेला निःशुल्क है। झारखंड के कोने कोने से लोग इस महोत्सव में शामिल होंगे। शिव की महिमा अपरंपार है।

### दशम फॉल थाना प्रभारी बने प्रशांत गौरव

रांची (आजाद सिपाही)। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने पुलिस अधिकारी की पोस्टिंग की है। पुलिस केंद्र में पदस्थापित प्रशांत गौरव को दशम फॉल का थाना प्रभारी बनाया गया है। साथ ही मांडर थाना में पदस्थापित कृष्ण कुमार तिवारी को पुंदाग ओपी प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में गुरुवार को एसएसपी ने आदेश जारी कर दिया है।

### संतोष कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव कल

रांची (आजाद सिपाही)। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के प्लेसमेंट सेल की ओर से 2 मार्च को प्लेसमेंट ड्राइव महाविद्यालय प्रांगण में चलाया जायेगा। प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल होने के लिए अजीम प्रेमजी फाउंडेशन समेत अन्य को आमंत्रित किया गया है। इसमें महाविद्यालय से उत्तीर्ण बीएड और डीएलएड के विद्यार्थी भाग लेंगे। विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन-ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किया जा रहा है। संस्थान की निदेशिका डॉ रश्मि ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी देश के उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### ऊर्जा विभाग के तीन जेइ को एसडीओ में प्रमोशन

रांची (आजाद सिपाही)। ऊर्जा विभाग के तीन जूनियर इंजीनियर को सहायक विद्युत अभियंता एसडीओ के पद पर प्रोन्नति मिली है। साथ ही तीनों का पदस्थापन भी किया गया है। जमशेदपुर में जूनियर इंजीनियर के पद पर पदस्थापित घनश्याम प्रसाद को रांची में सहायक विद्युत अभियंता के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं डाल्टेनगंज के जेइ शैलजानंद प्रकाश को रांची एसडीओ और रांची के जेइ दीपक रजक को दुमका एसडीओ के पद पर पदस्थापित किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना झारखंड ऊर्जा विकास विभाग ने जारी की है।

### बीआरपी सीआरपी महासंघ का आंदोलन पांच से

रांची (आजाद सिपाही)। बीआरपी-सीआरपी महासंघ ने अपनी सेवा शर्त नियमावली और मानदेय वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। महासंघ के अध्यक्ष पंकज शुक्ला ने गुरुवार को बताया कि धुर्वा स्थित झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य कार्यालय पर पांच मार्च से 72 घंटे का घेरा डालो-डेरा डालो कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

### कार का शीशा तोड़कर पांच लाख ले उड़े बदमाश

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के डोरंडा इलाके में अपराधी कार का शीशा तोड़कर पांच लाख लेकर फरार हो गये। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सहारे अपराधियों की गिरफ्तारी में जुटी है। जानाकरी के अनुसार डोरंडा के हर्क बहादुर तमांग दोपहर में राजेंद्र चौक के पास स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से पांच लाख रुपये निकाले और बैग में रखकर अपनी कार में रखा। घर जाने के दौरान रास्ते में जैप के अंदर मंदिर के पास अपनी गाड़ी खड़ी कर मंदिर में दर्शन करने गये। थोड़ी देर बाद बाहर निकलकर देखा, तो कार का शीशा टूटा हुआ है। जब उन्होंने कार के अंदर झांका, तो उनके होश उड़ गये। कार में रखा पांच लाख रुपये से भरा बैग गायब था। उन्होंने इसकी सूचना आसपास के लोगों और पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुटी है।

### जन्म दोषों के अवलोकन पर कार्यक्रम 3 को

रांची (आजाद सिपाही)। रिम्स शिशु शल्य विभाग और स्पाइना बिफिडा फाउंडेशन की ओर से तीन मार्च को सतत चिकित्सा शिक्षा के तहत जन्म दोषों के अवलोकन पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में स्पाइना बिफिडा पर केंद्रित चर्चा होगी।स्पाइना बिफिडा रीढ़ की हड्डी का एक जन्मजात दोष है। यह एक प्रकार का न्यूरल ट्यूब दोष है। यह ट्यूब भ्रूण की एक संरचना होती है, जो शिशु के मस्तिष्क और मेरुदंड के रूप विकसित होती है। यदि न्यूरल ट्यूब पूरी तरह से बंद न हो तो स्पाइना बिफिडा रीढ़ की हड्डी में कहीं भी हो सकता है और आमतौर पर बच्चे के जन्म के समय उसकी पीठ में छेद के रूप में देखा जाता है।

## झारखंड विधानसभा बजट सत्र के पांचवें दिन भाजपा और आजसू का प्रदर्शन

# बिजली दरों में बढ़ोतरी जनविरोधी

- बेरमो अनुमंडल को जिला और खैराचातर, महुआटांड़ और चतरोचट्टी को प्रखंड बनाने पर सरकार निर्णय ले : आजसू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के पांचवें दिन भाजपा और आजसू के विधायकों ने प्रदर्शन किया। भाजपा के विधायकों ने विधायकों ने चंपाई सोरेन सरकार को पूर्ववर्ती हेमंत सोरेन सरकार की तरह युवा विरोधी बताया। इसके साथ-साथ राज्य में बिजली दरों में बढ़ोतरी को जनविरोधी बताया। भाजपा विधायकों ने कहा कि एक ओर महागठबंधन सरकार जनता से किये वादे पूरे नहीं कर रही है, तो दूसरी ओर बिजली बिल बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि चंपाई सरकार ने 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली बिल को बढ़ा कर 125 यूनिट किया है। इन्हे पहले यह बताना चाहिए कि 100 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ कितने लोगों लिया है। वहीं विधायक लंबोदर महतो ने कुरमी/कुड़मी को एसटी में शामिल करने सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर सदन के बाहर धरना दिया। उन्होंने कहा कि बेरमो को जिला बनाने की मांग वर्षों से की जा रही है, लेकिन सरकार इस पर कुछ फैसला नहीं ले रही है। कहा कि झारखंड सरकार के कैबिनेट में 23 नवंबर को 2004 को यह निर्णय हुआ था कि कुरमी/कुड़मी और कोटवार जाति को अनुसूचित जाति में शामिल किया जायेगा। इस निर्णय के 20 साल हो गये, लेकिन अब तक इसको लागू नहीं किया गया। 8 जनवरी 2013 को कैबिनेट में यह निर्णय हुआ लिया गया था कि बेरमो को नये प्रखंड बनाया जायेगा, पर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। एक ही जाति, संस्कृति और धर्म के होने के बावजूद लोहार और लोहरा का अलग-अलग जाति प्रमाण पत्र होता है। सरकार कमार, करमाली, लोहार, लोहरा, बड़ाइक और चिकबड़ाइक सभी को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी करें। बेरमो अनुमंडल को जिला और खैराचातर, महुआटांड और चतरोचट्टी को प्रखंड बनाने पर भी सरकार जल्द निर्णय ले।

## पेसा प्रावधानों के अनुरूप सरकार, शीघ्र नियमावली लागू करे : शिल्पी नेहा तिर्की

**रांची।** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि 1996 के पेसा अधिनियम के तहत ही आवश्यक औपचारिकताओं और प्रावधानित व्यवस्था को पूरा कर अविलंब नियमावली बनाने और उसे कार्यान्वित करने की जरूरत है। श्रीमती तिर्की ने कहा कि संबंधित अधिकारी न केवल सरकार बल्कि, झारखंड विधानसभा को भी गुमराह कर रहे हैं। आज विधानसभा में पेसा कानून एवं इसकी नियमावली पर विशेष चर्चा में भाग लेते हुए श्रीमती तिर्की ने कहा कि पेसा कानून को संविधान की पांचवी अनुसूची के तहत तैयार किया गया है और इसे अधिसूचित क्षेत्र में लागू किया जाना है। इसके साथ ही 1996 में जब इस कानून को तैयार किया गया था तो उस समय यह व्यवस्था दी गयी थी कि यदि कोई प्रदेश एक साल के अंदर नियमावली का निर्माण नहीं करता है तो वहां इसके सभी प्रावधान स्वतः लागू हो जायेंगे, लेकिन झारखंड में अबतक पेसा की नियमावली का तैयार नहीं होना बहुत अधिक दुर्भाग्यपूर्ण है। श्रीमती तिर्की द्वारा उठाये गये मुद्दों का जवाब देते हुए मंत्री आलम ने कहा कि पेसा कानून की नियमावली के प्रारूप के प्रकाशन के बाद सरकार को आम लोगों, मंच एवं विभिन्न संगठनों के द्वारा 350 से अधिक आवेदन मिले हैं जिसमें से 200 से अधिक आवेदनों पर विचार किया जा रहा है और उसके बाद इस नियमावली को अंतिम स्वरूप में प्रकाशित किया जायेगा।

## अब झारखंड में भी महिलाओं को मिलेगा सवैतनिक मातृत्व अवकाश

**रांची।** बड़कागांव से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने सदन में सवाल उठाते हुए कहा था कि जब देश के कई राज्यों में शिशुओं की देखभाल के लिए महिलाओं को उनके सेवा काल में 2 साल के लिए सवैतनिक अवकाश मिलता है, तो झारखंड में यह सुविधा क्यों नहीं है। जिसके बाद पंचम झारखंड विधानसभा का पंचदश (बजट) सत्र 2024 में सदन में सरकार की तरफ से स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि झारखंड सरकार तीन महीने के अंदर महिलाओं के लिए सवैतनिक मातृत्व अवकाश की सुविधा की शुरूआत करेगी। वहीं इससे पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा में मामला उठाते हुए बताया था कि राज्य के विभिन्न विभागों में हजारों महिला कर्मी कार्यरत है जिन्हें अपने कार्यकाल के दौरान सेवा दायित्वों के साथ-साथ मातृत्व और पारिवारिक दायित्वों का भी निर्वहन करना पड़ता है। देश के अधिकांश राज्यों में एवं केंद्र में बच्चों की देखभाल हेतु महिलाओं को सवैतनिक शिशु देखभाल अवकाश की सुविधा प्राप्त है और महिला कर्मियों को उनके सेवा काल में दो वर्षों के लिए शिशु देखभाल अवकाश की सुविधा मिलती है लेकिन झारखंड में इस प्रकार की सुविधा महिला कर्मियों के लिए उपलब्ध नहीं है। महिला विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा में उठाया, इसके बाद अवकाश की सुविधा मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

## वैश्य मोर्चा का विधानसभा के समक्ष चेतावनी महाधरना

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की ओर से ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने, जाति आधारित जनगणना कराने, वैश्य आयोग का गठन, छोटे व्यवसायियों के 10 लाख तक की ऋण माफी, वैश्यों लूटी गयी जमीन वापस करने समेत अन्य मांग को लेकर विधानसभा के समक्ष चेतावनी महाधरना दिया गया। केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि झारखंड में पिछड़ों के साथ धोखा किया जा रहा है। सत्ताधारी नेता झूठे आश्वासन दे रहे हैं। नौकरियों को किसी और को दिया जा रहा है। ओबीसी के छात्रों को उच्चस्तरीय शिक्षा में सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। सरकार को समझना चाहिए कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण से वंचित करना डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान की अवहेलना है। जब तक ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण नहीं मिल जाता है, वैश्य मोर्चा लड़ाई जारी रखेगा।

कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल ने कहा कि जब तक हक नहीं मिलेगा, आंदोलन होता रहेगा। हीरानाथ साहू ने कहा कि हमारा ही हक अधिकार छीना जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अधिवक्ता योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि अगर सरकार तत्काल निर्णय नहीं लेती है, तो कानून का सहारा लिया जायेगा।

**इनकी रही मौजूदगी :** मोहन साव, अश्विनी साहू, संजीव चौधरी, सहदेव चौधरी, लक्ष्मण साहू, बीरेंद्र कुमार, इंदुभूषण गुप्ता, कपिल प्रसाद साहू, दिनेश्वर मंडल, कृष्णा प्रसाद साहू, रामाशंकर राजन, गुड्डू साहा, शिव नंदन प्रसाद, राजीव कुमार, अनिल वैश्य, नरेश साहू, भुनेश्वर साव समेत अन्य मौजूद थे।

## परीक्षा का रिजल्ट 7 दिन में



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में छात्र नेता अभिषेक झा के नेतृत्व में शिष्टमंडल कुलपति को ज्ञापन सौंपा। साथ ही परीक्षाफल का सात दिनों में प्रकाशन करने का आग्रह किया। परीक्षाफल समय पर प्रकाशित नहीं होने से छात्रों की छात्रवृत्ति रुक गयी है, जिससे सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाले छात्र काफी परेशान हैं। सात दिनों के अंदर परीक्षाफल प्रकाशित नहीं होने पर छात्र चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

इधर, कुलपति और परीक्षा नियंत्रक ने आश्वासन दिया है कि सात दिनों के अंदर परीक्षाफल प्रकाशित कर दिया जायेगा। मौके पर ज्योति सोनी, विकास सिंह, कैलाश महतो, मुकेश कुमार, सुधांशु सिंह, अंकित कुमार, सौरभ, हर्ष वर्मा, महादेव, आकाश, कुलदीप, हरिओम, किशोर, अशफाक, रोशन, मनीष उपस्थित थे।

## सरला-बिरला यूनिवर्सिटी और एनआइटी के बीच एमओयू




**आजाद सिपाही सवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय और एनआइटी जमशेदपुर के बीच गुरुवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कियागया। एसबीयू के कुलपति प्रो गोपाल पाठक और एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो गौतम सूत्रधर ने हस्ताक्षर किये। एमओयू में दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शोध, परामर्श और शैक्षणिक आदान-प्रदान के बिंदु सम्मिलित हैं। इस अवसर पर एनआइटी जमशेदपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एनआइटी की ओर से संस्था के उपनिदेशक, डीन और विभिन्न विभागाध्यक्ष शामिल हुए। एसबीयू की ओर से फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस मैनेजमेंट के डीन डॉ संदीप कुमार इस अवसर पर सम्मिलित हुए।

## चेशायर होम रोड सिद्धार्थ लोटस का भूमि पूजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** अमविशा रियल इस्टेट के लग्जरियस प्रोजेक्ट की भव्य लांचिंग गुरुवार को भूमि पूजन के साथ की गयी। अमविशा रियल एस्टेट के मैनेजिंग डॉयरेक्टर अमरेश झा ने बताया कि सिद्धार्थ लोटस अत्याधुनिक जीवन शैली की सभी सुविधाओं से परिपूर्ण चेशायर होम रोड बरियातू रांची में अवस्थित है। यह प्रोजेक्ट रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से बारह किलोमीटर, रांची रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से पांच किलोमीटर की दूरी पर है। अच्छे स्कूल, रिम्स अस्पताल, जिमखाना क्लब, खेलगांव, मेन मार्केट सभी निकटतम दूरी पर है। इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खूबी इसके निर्माण में ग्रीन बिल्डिंग तकनीक का प्रयोग है, जो सामान्यतः मेट्रो सिटीज के भवन निर्माण में प्रयोग किया जाता है। इससे भवन की मजबूती भी बहुत उम्दा और पर्यावरण अनुकूल है। भवन निर्माण में अत्याधुनिक तकनीक और वास्तु के नियमों का खास ध्यान रखा जायेगा। झारखंड के अतिप्रसिद्ध चड्ढा आर्किटेक्ट ने सिद्धार्थ लोटस का डिजाइनिंग किया है। इन अत्याधुनिक तकनीकों के प्रयोग और आधुनिक जीवन शैली की सभी सुविधाओं से परिपूर्ण इसके कीमत को प्रबंधकों ने बहुत ही रीजनेबल रखा है। यह प्रोजेक्ट रांची नगर निगम और रेरा से एप्रूव्ड है और इसे एनजीटी का भी क्लीयरेंस प्राप्त है। प्रबंध निदेशक अमरेश झा ने आगे बताया कि प्रोजेक्ट के इच्छुक ग्राहकों को प्रमुख बैंकों एसबीआइ, एचडीएफसी बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक के साथ लोन फाइनेंस कराने की भी सुविधा उपलब्ध है।

सिद्धार्थ लोटस में थ्री और फोर बीएचके फ्लैट के साथ प्रीमियम क्वालिटी के पेंटहाउस भी उपलब्ध होंगे। झारखंड वासी अपने बजट और अपनी आवश्यकता अनुसार किसी भी साइज का फ्लैट बुक कर सकते हैं। प्रबंधकों ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में 70 प्रतिशत ओपेन स्पेस एरिया, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, जिम्नेजियम, जोगिंग ट्रैक, क्लब, स्वीमिंग पूल, स्पोर्ट्स बार और कैफेटेरिया, इनडोर गेम्स, गार्डेन, किड्स प्ले एरिया, योगा एंड मेडिटेशन सेंटर, रिटेल शॉप समेत अन्य सुविधाएं हैं। इस अवसर पर कंपनी के अजय कुमार सिंह, मीनाक्षी झा, अनुज वत्स, बीपी सिंह, यूपी सिंह, विनोद कुमार पटेल, सुनील कुमार, कुमार गौतम, पंकज कुमार, सत्यम कुमार, पूजा मौजूद थे। इच्छुक ग्राहक 8271985000 और 9939167506 पर संपर्क कर सकते हैं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### मुख्यमंत्री से मिले सीसीएल के सीएमडी



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से गुरुवार को विधानसभा में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री से उन्होंने कोयला के उत्पादन, प्रेषण में 2023-24 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मार्गदर्शन का आग्रह किया। उन्होंने अवगत कराया कि उत्पादन-प्रेषण लक्ष्य प्राप्त होने से राज्य को राजस्व की प्राप्ति में वृद्धि होगी।

### एनआइबीएम में बैंक, एसएससी का नया बैच 4 से



रांची (आजाद सिपाही)। श्री साईं टावर सरकुलर रोड रांची स्थित एनआइबीएम संस्थान में 2024 में कई विद्यार्थियों का अंतिम रूप से चयन हुआ। निदेशक एमके गुप्ता ने अंतिम रूप से चयनित को सम्मानित किया। संस्थान में बैंकिंग, एसएससी, रेलवे के लिए सेपरेट और कंबाइंड बैच हिंदी-अंग्रेजी दोनों माध्यम में प्रारंभ किया जा रहा है। लाइब्रेरी रीडिंग रूम के साथ ऑफलाइन-ऑनलाइन दोनों प्रकार के क्लास चलाये जाते हैं। इस वर्ष लाखों की संख्या में वैकेंसी आने वाली है, जिसको देखते हुए 2024 में नया बैच चार और आठ मार्च से प्रारंभ किया जा रहा है। विद्यार्थी संस्थान कार्यालय में आकर या वेबसाइट यूट्यूब पर विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। 9334726278 पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं। आर्थिक रूप से अति पिछड़ा वर्ग के लिए विशेष छूट और निःशुल्क उपलब्ध है।

### इक्फाई विवि ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया



रांची (आजाद सिपाही)। इक्फाई विश्वविद्यालय ने दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व को स्वीकार करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन के साथ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में अंतरराज्यीय हैकथॉन, कंप्यूटेशनल क्विज, निबंध लेखन और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। हैकथॉन प्रतियोगिता का आयोजन और उद्घाटन 27 फरवरी को किया गया था, जिसमें झारखंड के विभिन्न संस्थानों की टीम ने हिस्सा लिया। बीआइटी मेसरा लालपुर की टीम पहले स्थान पर रही। सरला बिरला यूनिवर्सिटी की श्रेएलयू टीम दूसरे और इक्फाई यूनिवर्सिटी की जांबोट टीम तीसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर पूर्व कुलपति डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि वैज्ञानिक और गैर वैज्ञानिक किसी भी समस्या का समाधान खोजने की संभावना शून्य और एक के बीच होती है, न की शून्य से नीचे। इसके अतिरिक्त उन्होंने छात्रों को समुदाय और राष्ट्र की सेवा के लिए जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रोफेसर डॉ निधि, इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रमन कुमार झा, रजिस्ट्रार प्रो डॉ जेबी पटनायक, संयोजक प्रोफेसर मिथिलेश कुमार मिश्रा, डॉ काशी, अमर गुप्ता, प्रमोद, डॉ समीर, बादल, डॉ अभय समेत अन्य उपस्थित थे।

### पारस अस्पताल में बिकर स्टाफ एंसेफलाइटिस का सफल इलाज



रांची (आजाद सिपाही)। 13 वर्षीय युवती जो शारीरिक असंतुलन की शिकार थी और वह ठीक से चल भी नहीं पा रही थी। वह पिछले पांच-छह दिनों से काफी असहज महसूस कर रही थी। आंखों से देखने में भी परेशानी थी। युवती के परिजनों ने पारस एचइसी अस्पताल में भर्ती कराया। मरीज की स्थिति को देखते हुए अस्पताल में उसे न्यूरोलॉजी विभाग में भर्ती कराया गया। पारस एचइसी अस्पताल के डॉ संजीव कुमार शर्मा ने आपातकालीन स्थिति में मरीज को देखा और उपचार की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी। जांच में बिकरस्टाफ एंसेफलाइटिस डायग्नोस हुआ, जो काफी रेयर बीमारी है। पारस एचइसी अस्पताल में बिकरस्टाफ के आधार पर मरीज को 15 दिनों तक उपचार मिला। इसके बाद मरीज में काफी सुधार हुआ। अब वह सामान्य जीवन जी रही है। फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने बताया कि मरीज का सफल इलाज हुआ।

### सीसीएल से सेवानिवृत्त 112 कर्मियों की विदाई




रांची (आजाद सिपाही)। सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए नौ कर्मियों को गुरुवार को विदाई दी गयी। रिटायर होनेवालों में निदेशक तकनीकी-संचालन राम बाबू प्रसाद, राजेश मिश्रा, रमाकांत मिश्रा, मनोज कुमार, रंजन सामंता, बसंत कुमार मांझी, घनश्याम सिंह, ब्रज बिहारी सिंह और श्रीकांत ठाकुर समेत अन्य शामिल हैं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यानुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गयी। इस वीडियो में कर्मियों ने संपूर्ण सेवाकाल के यादगार लम्हों को साझा किया। सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी कर्मियों को सेवाकाल के सफल समापन पर बधाई दी। निदेशक तकनीकी योजना बी साईराम ने कर्मियों के स्वस्थ जीवन की कामना की। निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्र ने कर्मियों को स्वस्थ्य दिनचर्या अपनाने की सलाह दी। निदेशक वित्त पवन कुमार मिश्रा ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी सीसीएल परिवार के अभिन्न अंग हैं। सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### आरपीएफ ने ट्रेन से शराब कारोबारी को दबोचा

रांची (आजाद सिपाही)। रेलवे सुरक्षा बल हटिया ने ऑपरेशन सतर्क के तहत 22 शराब की बोतल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार रांची मंडल के आरपीएफ मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे लगातार अभियान के क्रम में ऑपरेशन सतर्क के तहत यह कार्रवाई की गयी है। आरपीएफ पोस्ट हटिया और आरपीएफ की फ्लाइंग टीम ने ट्रेन संख्या 18624-हटिया इस्लामपुर की बोगी संख्या बी 5 में एक व्यक्ति को भारी भरकम तीन बैग के साथ संदेहास्पद अवस्था में देखा। इसके बाद उक्त व्यक्ति के बैग की जांच की गयी। जांच करने पर विभिन्न कंपनियों की कुल 22 शराब की बोतलें बरामद की गयीं। बरामद शराब का बाजार मूल्य 17 हजार रुपये है। पूछताछ करने पर आरोपित ने बिहार के नालंदा निवासी राकेश कुमार अपना नाम बताया।

### 5.88 लाख गबन मामले में तत्कालीन मैनेजर समेत दो दोषी करार

रांची (आजाद सिपाही)। फर्जी लोन स्वीकृत कर पैसा गबन मामले में सीबीआइ की विशेष अदालत ने दो आरोपियों को सजा सुनायी है। उनमें ग्रामीण बैंक के तत्कालीन मैनेजर राजीव कुमार सिन्हा और ऋषभ इंटरप्राइजेज फॉर्म के संदीप शामिल है। सीबीआइ कोर्ट ने इन्हे दोषी ठहराते हुए तीन-तीन साल की सजा सुनायी है। कोर्ट ने तत्कालीन मैनेजर राजीव कुमार सिन्हा पर 80 हजार जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि नहीं देने पर अतिरिक्त तीन माह की सजा भुगतनी होगी। वहीं अदालत ने संदीप पर 1.30 लाख जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। गबन का यह मामला वर्ष 2000-2001 के बीच का है। ग्रामीण बैंक के तत्कालीन मैनेजर राजीव कुमार सिन्हा ने मृत व्यक्तियों के नाम पर एलआइसी पॉलिसी के तहत लोन स्वीकृत किया और पैसा ऋषभ इंटरप्राइजेज फॉर्म में डाल दिया था।

डीमरा नाला में उच्च स्तरीय पुल का निर्माण : कीचड़ में ढाले जा रहे पिलर

# 5.84 करोड़ की लागत से बन रहे पुल में बरती जा रही है लापरवाही : मुखिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदीरी।** कुच्चू पंचायत अंतर्गत डीमरा नाला स्थित बहुप्रतीक्षित उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य जारी है। मुखिया सहदेव बेदिया और ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया आदि जनप्रतिनिधी गुरुवार को जांच करने डीमरा नाला पहुंचे। पुल निर्माण कार्य रांची की एके कंस्ट्रक्शन की ओर से 5.84 करोड़ रुपये की लागत से की जा रही है। जांच के दौरान पाया गया कि पुल निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती गयी है। काफी घटिया निर्माण किया जा रहा है। पुल के पीलरों की गहराई बहुत कम की गयी है। पिलर के गड्ढे में जमें मिट्टी को हटाये बिना दलदल में ही पीसीसी ढलाई की गई है। सभी मानकों की अनदेखी करते हुए जैसे-तैसे निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह देख जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जाहिर की। पुल निर्माण कार्य में देखरेख करने वाले साइड इंचार्ज सुबोध सिंह और ठेकेदार मनोज सिंह से बातचीत करने पर वे गोल मटोल जवाब देकर वहां से भाग खड़े हुए। पुल निर्माण कार्य में लगे मजदूरों ने साईड इंचार्ज सुबोध सिहं पर आरोप लगाया कि सुबह आठ बजे से शाम सात बजे तक काम करवाया जाता है और ओवर टाईम की मजदूरी भी नहीं दी जाती है। सुबोध सिंह मजदूरों को उल्टे गंदी-गंदी गालियां देता है। शाम पांच बजे छुट्टी नहीं होने से हाथी का डर बना हुआ रहता है, क्योंकि यह क्षेत्र हाथी प्रभावित है। मुखिया सहदेव बेदिया एवं ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया ने पुल निर्माण कार्य में हुई गड़बड़ी की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। मौके पर डीमरा ग्राम प्रधान जगमोहन बेदिया, वार्ड सदस्य साकरा बेदिया, कार्तिक बेदिया वार्ड सदस्य गिलू बेदिया आदि उपस्थित थे।


कीचड़ में निर्मित हो रहे पुल का निरीक्षण करते मुखिया व अन्य।

# हरहंजी उत्क्रमित उच्च विद्यालय का बीइइओ ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही इंपैक्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के हरहंजी गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में छात्राओं से मिड डे मील का खाना बनवाने की खबर को ***आजाद सिपाही*** अखबार ने गुरुवा के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद जिला शिक्षा अधीक्षक के निर्देश पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी अपने सहयोगियों विकास कुमार गुप्ता व लाल सच्चिदानंद शाहदेव के साथ उक्त विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। इस विद्यालय में अभिभावकों ने संवाददाता को विद्यालय में छात्राओं से खाना बनवाने की जानकारी दी थी। बीइओ ने बताया कि विद्यालय के निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि बुधराम लोहरा व अन्य ग्रामीणों से बात की। ग्रामीणों ने प्रभारी प्रधानाध्यापिका अपर्णा तिग्गा की मनमानी की जानकारी उन्हें दी है। इस पर बीइओ ने शिक्षिका को समझाया कि उनको विद्यालय में बच्चों से खाना नहीं बनवाना है। बच्चे स्कूल पढ़ाई के लिए आते है। उन्हें बेहतर शिक्षा दें। इस दौरान बीइओ ने ग्रामीणों व शिक्षकों के साथ बैठक कर शनिवार को प्रबंधन समिति और रसोइयां का चयन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दोपहर के भोजन में गुणवत्ता मैन्यू का पालन, समय से कक्षा का संचालन, विद्यालय में साफ-सफाई दुरुस्त रखें और कक्षा का संचालन बेहतर तरीके करें। विद्यालय संचालन में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक कर विद्यालय में विद्यार्थियों का नामांकन कराने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित करने की बात कही। बैठक में मनबोध सिंह, भीम गोप, श्रीराम महतो, केशव गोप, शिवनारायण गोप, निर्मल सिंह, सुमंती देवी, मंजू देवी, पूनम देवी आदि मौजूद थे।


स्कूल में पढ़ने लिखने की जगह बच्चियां काट रही सब्जी, चुन रही चावल से कंकड़



## बेड़ो में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आज से

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन शुक्रवार से होने जा रहा है। स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने बताया कि यह शिविर भगवान मेडिका अस्पताल के सौजन्य से डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन होना है। उन्होंने ग्रामीणों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की। कहा कि आंख का निःशुल्क जांच के साथ ही मोतियाबिंद या कोई बीमारी होने पर भगवान मेडिका अस्पताल में निःशुल्क ऑपरेशन भी किया जाएगा। उन्होंने जनहित में इसे सफल बनाने की अपील की।

# पूरे खिजरी विधानसभा क्षेत्र में किया जाएगा सुझाव का संकलन : प्रभुदयाल

नामकुम सांसद समाधान केंद्र में संवाददाता सम्मेलन का हुआ शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** सांसद समाधान केंद्र में भाजपा रांची ग्रामीण जिला अंतर्गत खिजरी विधानसभा क्षेत्र में विकसित भारत मोदी की गारंटी कार्यक्रम के तहत सवांददाता सम्मेलन कर शुभारंभ हुआ। जिसका आयोजन जिला उपाध्यक्ष सह विकसित भारत मोदी की गारंटी, सुझाव पत्र संकलन कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो व संचालन जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम के खिजरी विधानसभा प्रभारी प्रभुदयाल बड़ाईक ने किया। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने कहा कि विकसित भारत मोदी की गारंटी के तहत केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी एवं लाभार्थियों तक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश पहुंचायेंगें। वहीं, कार्यक्रम प्रभारी प्रभुदयाल बड़ाईक ने कहा कि इसके माध्यम से पूरे खिजरी विधानसभा क्षेत्र में विकसित भारत मोदी की गारंटी के तहत लोगों से सुझाव संकलन किया जायेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना मोदी जी का संकल्प है। जिसे हम सभी मिलकर साकार करेंगे। सवांददाता सम्मेलन में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने सुझाव पार्टी द्वारा उपलब्ध पत्रक में भर कर सुझाव बॉक्स में डाला। धन्यवाद ज्ञापन खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह राज्यसभा सांसद मनोज सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, जिप सदस्य रामावतार केरकेट्टा, जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम के खिजरी विधानसभा प्रभारी प्रभुदयाल बड़ाईक, गोरखनाथ सिंह, दिलीप साहू, तुलसी गोप, सुदीप खलखो उपस्थित थे।



# निरोग काया के लिए योग जरूरी : डॉ पारसनाथ

आरटीसी कॉलेज में आयोजित योग सत्र का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** आरटीसी कॉलेज के विवेकानंद सभागार के संचालित तीन दिवसीय योग सत्र का गुरुवार को समापन हो गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रीतम वसिष्ठ ने योग की महता पर प्रकाश डाला। कहा कि योग मनुष्य को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। वहीं, निदेशक डॉ पारसनाथ महतो ने कहा कि योग निरोग काया के लिए बहुत जरूरी है। इस मौके पर प्राचार्य डॉ भीम महतो, प्रो नीरज कुमार, प्रो प्रेमनाथ मुंडा, प्रो राम कुमार महतो, प्रो योगेंद्र ठाकुर, प्रो इकबाल अंसारी, प्रो गफ्फार अंसारी, प्रो इमरान अंसारी, प्रो मीनू, कूमारी, प्रो रेणू चौधरी, प्रो रेणु कुमारी, प्रो अनिल कुमार, प्रो कृष्णा कुमार, प्रो अशोक कुमार व भवेश कुमार आदि उपस्थित थे।




## मोदीजी के सपने को सभी भाजपाई मिल कर करेंगे साकार : गंगोत्री कुजूर



आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** प्रखंड स्थित चान्हो भजपा कार्यलय में पार्टी के विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान का शुभारंभ गुरुवार से हुआ। जिसका शुभारंभ पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर और सतीश साहू ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर गंगोत्री कुजूर ने कहा कि मोदी का सपना भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का है। इसी उद्देख्य को लेकर पूरे देश में यह अभियान चलाया जा रहा है। सभी क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काम करना शुरू कर दिया है। यही कारण है कि लोग मोदी जी की घोषणाओं को मोदी जी की गारंटी के तौर पर देख रहे हैं। देश यह स्वीकार कर रहा है और आने वाले लोकसभा चुनाव में भी मोदी जी की बातों पर भरोसा करेंगे। भाजपा को भारी मात्रा में वोट देकर केंद्र में तीसरी बार मोदी की सरकार बनायेंगें। इसी संदेश को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के गांव के हर घर पर जाकर मोदी के कार्यों की जानाकारी देंगें। इस मौके पर भाजपा नेता सतीश शाह, प्रखंड अध्यक्ष राजू महतो, अविनाश कुमार, दीपक साहू, सफीक आलम आदि उपस्थित थे।

## वाइबीएन विवि में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन


कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति, विद्यार्थी व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** वाइबीएन यूनिवर्सिटी के कॉन्फ्रेंस हॉल में गुरुवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति के स्वागत भाषण से हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में नोबेल नासिर मौजूद थे। जिन्होनें मोटिवेशनल स्पीच में कहा कि जो विद्यार्थी टॉप करने पर यह सोचते है कि उन्होंने यह सफलता रातों-रात हासिल की है या फिर उसकी अच्छी किस्मत होने की वजह से उसने यह मुकाम हासिल किया है। उनका यह सोचना सरासर गलत है। क्योंकि सफलता किसी को भी एक झटके में नहीं मिलती। लेकिन लगातार प्रयास करते रहने से एक दिन जरूर मिलती है। धन्यवाद ज्ञापन कौशल किशोर ने किया। मौके पर अकादमिक डीन डॉ अर्पणा शर्मा, डीएसडब्ल्यू डॉ आरती गुप्ता, एनएसएस समन्वयक कौशल किशोर, डॉ अंजनी कुमार सिंह, डॉ सुमन कुमारी, डॉ आभा नूतन, देवद्रिता गांगुली, प्रेरणा भारती, सुरुचि गुप्ता, नम्रता हेम्ब्रोन, कशान आलम आदि मौजूद थे।

## बेड़ो में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुरू किया दीवार लेखन



दीवार लेखन करते भाजपा कार्यकर्ता।

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** भाजपा के बेड़ो व नरकोपी मंडल की ओर से दीवार लेखन अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को दिघिया शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 283 से किया गया। इस दौरान फिर एक बार मोदी सरकार का नारा और कमल फूल बनाया गया। बेड़ो मंडल महामंत्री बलराम सिंह ने कार्यकर्ताओं व लोगों को बताया कि केंद्र में भाजपा की जब से सरकार बनी है तभ से लेकर आज तक विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसका सीधा लाभ अंतिम पायदान पर खड़े हर एक व्यक्ति को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में और भी ऐसी कई योजनाएं केंद्र की मोदी सरकार चलाने वाली है। मौके पर नरकोपी महामंत्री राजेश साहू, खुखरा मुखिया जतरू उरांव, भाजयुमो अध्यक्ष प्रकाश साहू और आमेश्वर साहू आदि मौजूद थे।

## हेसल में दुर्गा मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड के हेसल गांव में भव्य दुर्गा मंदिर का निर्माण होगा। इसे लेकर गुरुवार को भूमि पूजन कर मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी गई। भाजपा के ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, अजय महतो, रामनाथ महतो, रामपोदो महतो, विष्णु महतो, बनमाली महतो, रामेश्वर महतो, फलिंद्र करमाली, कृष्णा भगत आदि ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन कर मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी। मुख्य यजमान के रूप में मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष कृष्णा भगत उपस्थित थे। इस मौके पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बाद में भंडारा का भी आयोजन किया गया। मौके पर मुखिया कविता देवी, ग्रामप्रधान रामनाथ करमाली, नरेश महली, कवित करमाली, राकेश महतो, नागेन्द्र महतो आदि उपस्थित थे।

## भंडरा गांव जानेवाली सड़क बदहाल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** देश भले ही वैश्विक स्तर पर सफलताओं के नए आयाम और कीर्तिमान स्थापित कर रहा हो। पर ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी सड़क बदहाल है। ग्रामीण क्षेत्रों में आजादी के 76 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज मूलभूत सुविधाओं के नाम पर केवल आश्वसान की घुट्टी पिलाई जा रही है। जहां विकास के इस दौर में हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ने के बड़े-बड़े दावे हो रहे हों। वहीं, हल्की बारिश होने के साथ ही गांव की सड़क बदहाल हो गई। जिससे इटकी प्रखंड के भंडरा गांव के लोगों की मुश्किले भी बढ़ गई है। भंडरा गांव के लोगों को पक्की सड़के न होने की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण कई बार सड़क निर्माण के लिए मांग कर चुके हैं। इसके बाद भी सड़क निर्माण की दिशा में कोई पहल नहीं किया की जा रही है। जिसे लेकर लोगों में रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश होते ही कीचड़ की समस्या बन जाती है। कीचड़ की वजह से आए दिन कोई ना कोई दोपहिया वाहन चालक व पैदल आने जाने वाले राहगीर फिसल कर गिरते रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षा के दिनों में कीचड़ की समस्या रहती है। गांव की सड़क पर कीचड़ होने से ग्रामीण बेहद परेशान रहते हैं। कीचड़ भरे रास्ते से गुरजने वाली महिलाएं व स्कूली बच्चे भी परेशान हैं। ग्रामीणों को साप्ताहिक बाजार व प्रखंड कार्यालय में जाने में परेशानी हो रही है। लोगों ने जन प्रतिनिधियों व प्रखंड प्रशासन से टेंगरिया से भंडरा गांव जाने वाली सड़क को बनवाने की मांग की है।

शांति व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों को लेकर नगड़ी थाना में बैठक

# नगड़ी थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखना पहली प्राथमिकताः अभिषेक राय

रात्रि पेट्रोलिंग बढ़ाने पर विशेष बल, होगी वाहनों की सघन जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगडी थाना परिसर में गुरुवार को क्षेत्र में शांति व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों को लेकर बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता नगड़ी थाना के कार्यकारी थाना प्रभारी अभिषेक राय ने की। उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मी को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मिलकर नगड़ी थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पेट्रोलिंग में तेजी लानी होगा। थाना क्षेत्र के बैंकों में विशेष गस्ती करें। प्रत्येक दिन बैंकों में जाकर फोटो लें। थाना क्षेत्र के राजमार्ग में विशेषकर रात्रि गस्ती में सख्ती लाएं। रात 12 बजे के बाद चलने वाले बाइक या चार पहिया वाहनों पर ध्यान रखें। नगड़ी देवरी नारो के रोड़ किनारे मंदिर, मस्जिद, स्कूलों और दुकानों में विशेष ध्यान रखें। जो भी लोग चोरी की घटनाओं में संलिप्त हैं वैसे लोगों की सूची बनायें। कार्यकारी थाना प्रभारी ने कहा कि नगड़ी थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। मौके पर नगड़ी थाना एएसआई देवानंद कुमार यादव, संजय कुमार सिंह, प्रमोद कुमार, ललन कुमार कुलदेव प्रसाद साह, वीरेंद्र मंडल, कलिंदर उरांव, रासका हांसदा, संतोष कुमार दूबे, प्रमोद कुमार पासवान, कौशल कुमार झा, संगीता कुमारी भगत, रेखा रानी केसरी आदि उपस्थित थे।


नगड़ी थाना परिसर में बैठक करते कार्यकारी थाना प्रभारी अभिषेक राय व अन्य।

## मतदाता जागरूकता स्टीकर कैंपेन चलाया

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा के नेतृत्व में आइओसीएल खूंटी के परिसर में मतदाता जागरूकता स्टीकर कैंपेन चलाया गया। इसके लिए सभी कर्मियों को जागरूक मतदाता बन अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान इपिक दिखाने पर कर्मियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा सम्मानित किया गया। मतदाता जागरूकता के दौरान बताया गया कि स्वस्थ लोकतंत्र निर्माण के लिए भयमुक्त होकर मतदान करें। लोकतांत्रिक प्रणाली के तहत देश के प्रत्येक वयस्क नागरिक को वोट देने का अधिकार है। संविधान द्वारा प्रदत सभी अधिकारों में यह सबसे बड़ा अधिकार है। मतदान एकमात्र ऐसा साधन है, जिससे देश की जनता स्वयं अपने देश का विकास निर्धारित कर सकती है। मौके पर उपायुक्त द्वारा लोगों को मतदान की शपथ दिलाई गई। अभियान के दौरान परियोजना निदेशक, आइटीडीए,ए जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, महाप्रबंधक आइओसीएल टर्मिनल के प्रतिनिधि आनंद वर्धन उपस्थित थे।

## खूंटी में अवैध बालू लदे सात हाइवा जब्त

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त के निर्देश पर प्रशासन द्वारा गुरुवार को विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। अंचल अधिकारी कर्रा के नेतृत्व में जांच दल द्वारा रांची:कर्रा मुख्य पथ पर काच्चाबारी में अवैध रूप से बालू परिवहन करते सात वाहनों पर कारवाई की गयी और संबंधित लोगों पर दर्ज की गयी है। बालू के अवैध खनन परिवहन पर रोक लगाने के लिए मुख्य मार्गों पर छापेमारी कर अवैध वाहनों को जब्त किया गया है। अंतर्गत प्राथमिकी की गयी है।

## फुटबाल खेल और मुर्गा लड़ाई का आयोजन



बुंडू। (आजाद सिपाही) पांच परगना उच्च विद्यालय ताऊ मैदान बुंडू में एक दिवसीय फुटबाल खेल और मुर्गा लड़ाई का गुरुवार को आयोजन किया गया। इस खेल में कुल 8 टीमों ने भाग लिया, जिसमें से प्रथम पुरस्कार ट्राईबल कलांग को 1 लाख 20 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार बुल सपोर्टिंग को 90 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार बालू घाट और चतुर्थ पुरस्कार आर्मी इलेवन को 30-30 हजार रुपए दिया गया। इस खेल में मुख्य अतिथि आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो और विशिष्ट अतिथि हरे लाल महतो थे। इस अवसर पर संजय महतो श्याम महतो राम दुर्लभ सिंह मुंडा दिनेश कुमार महतो, आनंद राम, पूर्व जिला अध्यक्ष सुकरा मुंडा, दिनेश प्रमाणिक प्रोफेसर भूतनाथ हजम, कुंदू प्रोफेसर लखिन्द्र मुंडा सहित सैकड़ों आजसू कार्यकर्ता शामिल थे।

## बचरा में कलशयात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक स्थित श्री श्री बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर के प्रांगण में गुरूवार से सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया है।यह कलश यात्रा बचरा नंबर चौक आईआरबी कैंप रोड होते हुए सपही नदी पहुंचा जहां पर वैदिक मंत्रोच्चारण विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करने के बाद कलश में जल भरकर यात्रा बिशुझपा कालोनी, बचरा बाजारटांड़, हॉस्पिटल रोड, थाना चौक होते हुए पुनः सिद्धेश्वर नाथ मंदिर के प्रांगण में पहुंचा। वहीं कलश यात्रा और कलश स्थापना अनुष्ठान के बाद संध्या 6 बजे से कथाकार पंडित दयानंद शास्त्री श्री अयोध्या धाम ने भागवत कथा का प्रसंग सुनाया।

## झामुमो ने तोरपा में निकाली न्याय यात्रा




खूंटी (आजाद सिपाही)। झामुमो तोरपा प्रखंण्ड कमेटी द्वारा गुरुवार को तोरपा प्रखंड की दियांकेल मनहातु में न्याय यात्रा निकाली गयी। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य और विधनसभा के पूर्व प्रत्याशी सुदीप गुड़िया ने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंडियों के हित के लिए केंद्र की भाजपा सरकार के आगे नहीं झुके। इसके कारण केंद्रीय जांच एजेंसियों को आगे करके हेमंत सोरेन का परेशान किया जा रहा है। न्याय यात्रा में काफी संख्या में महिला और पुरुष सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे। न्याय यात्रा में व्यावसायिक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष उदय चौधरी, प्रखंड उपाध्यक्ष जयदीप तोपनो, नीतीश भेंगरा, श्याम, याकुब, मिखाइल भेंगरा आदि शामिल थे।

## झामुमो खलारी प्रखंड के युवा मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा का हुआ गठन



खलारी (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड कार्यकर्ताओं की बैठक गुरूवार को विश्रामपुर पंचायत भवन में हुई। बैठक में रांची जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तथा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फरीद खान मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव सहित अन्य विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्ष किया। वहीं दोनों मोर्चा अध्यक्षों ने कार्यकताओं से कहा कि संगठन को गांव-गांव तक पहुंचने का काम करें। उन्होने कहा कि दिषोम गुरु शिबू सोरेन एवं हेमंत सोरेन के जल जंगल जमीन को बचाने और अपने अधिकार के लिए संघर्ष करने के संदेष को कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करे। वहीं बैठक में रांची जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तथा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फरीद खान की देख रेख में सर्वसम्मति से खलारी प्रखंड युवा मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा का गठन एवं विस्तार किया गया। **युवा मोर्चा अध्यक्ष मुकेश यादव और अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष कलाम रिजवी बने :** झामुमो खलारी प्रखंड युवा मोर्चा का गठन किया गया। जिसमें मुकेश यादव को सर्वसम्मति से खलारी प्रखंड युवा मोर्चा अध्यक्ष बनाया गया। इनके अलावा सचिव सूरज सिंह, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार, सहसचिव बबलू खान और कोषाध्यक्ष छोटू राम को बनाया गया। वहीं अल्पसंख्यक मोर्चा का भी गठन किया गया। जिसमें जिसमें अध्यक्ष कलाम रिजवी, सचिव गाजा रौंदा, उपाध्यक्ष सरफराज आलम, कोषाध्यक्ष आजम अंसारी और संगठन सचिव नौशाद आलम और फिरोज खान को बनाया गया।

## सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मियों को दी गयी विदाई




पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पिपरवार के विभिन्न परियोजना से सेवानिवृत हुए सीसीएल कर्मचारियों को विदाई दी गयी, जिसमे लोडिगं इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह,डम्पर ऑपरेटर अनिल कुमार गोप, डोजर ऑपरेटर, समसुद्दीन अंसारी, झरी गंझु के सेवानिवृत्ति होने पर उन्हे विदाई दी गयी। जीएम सीबी सहाय सहित अन्य अधिकारी और यूनियन प्रतिनिधियों के द्वारा श्रीफल अंगवस्त्र और अन्य उपहार देकर सभी को सम्मान के साथ विदाई दी गयी।

## टंडवा एसडीपीओ ने धार्मिक स्थलों का किया निरीक्षण

पिपरवार (आजाद सिपाही)। टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने गुरूवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित धार्मिक स्थलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अनेकता में एकता का प्रतीक माने जाने वाले पिपरवार क्षेत्र के बचरा काली मंदिर, बचरा जामा मस्जिद, बचरा गुरुद्वारा और बचरा गिरजा घर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। एसडीपीओ श्री बरवार ने संबंधित धार्मिक स्थल के समिति सदस्यो से मुलाकात कर धार्मिक स्थलो के बारे में जानकारी ली। समिति के सदस्यों ने भी जल्द ही धार्मिक स्थलों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का भरोसा दिया। इस मौके पर सरदार बक्शी सिंह, इस्लाम अंसारी, इरफान, बल्लु, अब्दुल कुदूस, रिंकु खान, जितेंद्र, सकील, मनोज, शहनवाज, दिलिप सहित कई लोग मौजूद थे।

# 33 लाख में महज 13.36 किसानों को ही सीएम सुखाड़ राहत योजना का लाभ

**विधायक ने विधानसभा में उठाया किसानों को सुखाड़ राहत योजना के लाभ भुगतान न होने का मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी के भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने एक बार फिर सदन में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के लाभ भुगतान न होने पर सरकार को घेरा। विधायक ने कहा कि राज्य के 45 लाख 45 हजार किसानों ने मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के लिए आवेदन दिया था, लेकिन महज 13 लाख किसानों को ही इसका लाभ दिया गया। इस पर विभागीय मंत्री की ओर से बताया गया कि सुखाड़ राहत योजना ( खरीफ फसल मौसम 2022-23 ) के तहत लगभग 33 लाख 63 हजार किसानों ने आवेदन दिया था, जिनमें 13.66 लाख लाभार्थियों को सुखाड़ राहत योजना का लाभ मिला। लाभार्थियों को 478.4 करोड़ राशि का भुगतान किया गया है। यह जानकारी खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा द्वारा विधानसभा में गुरुवार को अल्प सूचित प्रश्न के तहत पूछे गये सवाल के जवाब में विभागीय मंत्री ने दिया। विधायक ने पूछा कि क्या यह बात सही है कि राज्य को सुखाड़ क्षेत्र घोषित किया गया है और किसानों को मुख्यमंत्री राहत योजना के तहत मदद पहुंचायी गयी है। उन्होंने पूछा कि सहायता के लिए राज्य में 45 लाख 45 हजार से ज्यादा आवेदन आए हैं, लेकिन मात्र 13 लाख किसानों को ही सहायता प्रदान की गयी है। इस पर मंत्री कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग द्वारा बताया गया कि खरीफ फसल मौसम 2022-23 में राज्य के 22 जिलों के 226 प्रखंडों को गृह कार्य आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा सुखाड़ घोषित किया गया था। सुखाड़ घोषित सभी प्रखंडों में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का क्रियान्वयन किया गया था। शेष 38 प्रखंड में योजना का क्रियान्वयन किया गया है। सरकार की ओर से बताया गया कि इस योजना के तहत 33 लाख 63 हजार 201 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 13.66 लाख लाभार्थियों को 478.4 करोड रुपये का भुगतान किया गया है।

## खूंटी जिले में 44 फीसदी बच्चे कुपोषित

झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने तारांकित प्रश्न के रूप में राज्य में जन्म लेने वाले 47.8 प्रतिशत बच्चों में कुपोषण के कारण होनेवाली दुर्बलता से संबंधित मामला सदन में उठाया। कुपोषित बच्चों में 40 फीसदी अनुसूचित जनजाति वर्ग के हैं। खूंटी में कुपोषण की स्थिति चिंताजनक है। सवाल के जवाब में महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग के मंत्री ने बताया कि खूंटी जिले में 44 फीसदी बच्चे कुपोषण का शिकार हैं जो राज्य के छठवें पायदान पर आते हैं। बताया गया कि राज्य के 12 जिले में कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। 98 कुपोषण उपचार केंद्र से कुपोषित बच्चों का उपचार किया जा रहा है।

# सदर अस्पताल खूंटी में सात महीने के प्री-मैच्योर बच्चे को मिला नया जीवन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** एक समय था कि खूंटी के सदर अस्पताल जाने से मरीज और उनके स्वजन घबरात थे, लेकिन अब सदर अस्पताल की स्थिति में काफी बदलाव आया है। खासकर बच्चों के इलाज के लिए अस्पताल में बेहतरीन प्रबंध किये गये हैं। जन्म के साथ बीमार बच्चों के उपचार के लिए मातृ एवं शिशु अस्पताल में स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट की स्थापना की गई है, जो प्री मैच्योर पैदा हुए बच्चों एवं जन्मजात बीमार बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है। अस्पताल के चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियों के कारण एक प्री मैच्योर बच्चे को नया जीवन मिला। जानकारी के अनुसार चार जनवरी सदर अस्पताल में सातवें महीने में पैदा हुए एक बच्चे को जन्म के समय मात्र नौ सौ ग्राम था। ऐसे बच्चों के जीवित रहने की संभावना काफी कम रह जाती है। बच्चे को एसएनसीयू में भर्ती कराया गया था। भर्ती करने के 55 दिनों बाद बच्चा पूरी तरह स्वस्थ हो गया और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने बताया कि गिरजाटोली खूंटी की एक महिला रागिनी कुमारी ने सदर अस्पताल में चार जनवरी को एक बच्चे को जन्म दिया था। बच्चे का जन्म सातवें महीने में हुआ था। वह काफी कमजोर था। उसे एसएनसीयू में डॉ जागृता मालाकार और डॉ आनंद कुमार मांझी की देखकर में भर्ती कर इलाज किया गया। एसएनसीयू में 55 दिनों तक उपचार के बाद बच्चा पूरी तरह स्वस्थ हो गया। सिविल सर्जन ने बताया कि बच्चे के उपचार में सिस्टर इंचार्ज आरती मंजुला होरो, नर्स अनुपम होरो, सोनाली गुड़िया, रश्मि खेस, दुलारी हस्सा, विभा रानी, सुशीला भेंगरा, सुनीता पूर्ति, अलका हेमरोम, फुदन कुमारी नाग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने कहा कि सदर अस्पताल में दिनों दिन स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोतरी हो रही है। अस्पताल में जल्द कई अन्य सुविधायें उपलब्ध करायी जायेंगी।

## खलारी ग्राम प्रधान संघ का गठन, अध्यक्ष बने विश्वनाथ



**खलारी (आजाद सिपाही)। बुकबुका पंचायत सचिवलय में गुरूवार को खलारी प्रखंड के ग्राम प्रधानों की एक बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान विष्वनाथ गंझू ने किया। बैठक में सर्व सहमति से खलारी प्रखंड ग्राम प्रधान संघ का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष विष्वनाथ गंझू, उपाध्यक्ष धर्मवीर मुंडा, सचिव छोटू पाहन, कोषाध्यक्ष रविन्द्र मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष हरि पाहन तथा सदस्यों में गणेश मुंडा, देव चरण गंझू, बलकू मुंडा, सूर्यजन पाहन, राजेश गंझू, सेवा उरांव, रॉकी पाहन, बिनोद मुंडा का नाम शामिल है। वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही ग्राम प्रधान संघ खलारी अंचलाधिकारी से मुलाकात करेंगे।**

# 1.82 लाख से बननेवाली सड़क का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता




**सोनाहातू।** सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने गुरुवार को सोनाहातू प्रखंड के मुरूतडीह गांव में ग्राम सड़क योजना के तहत मुरूतडीह से हितजारा भाया वनडीह-चानाकी तक 4 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सड़क निर्माण कार्य 1 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से किया जायेगा। शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि गांव की आधारभूत संरचना को मजबूत किया जायेगा। गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य पर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है। शिक्षा को लेकर हाई स्कूल और मिडिल स्कूल में स्मार्ट क्लास, स्टूडेंट्स बस सेवा, लाइब्रेरी आदि की सुविधा दिया जा रहा है। शिक्षा ओर खेल को विशेष बढ़ावा दिया जा रहा है। स्वास्थ्य को लेकर हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र को विकसित किया जा रहा है। हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। प्रखंड के सभी जर्जर सड़क का मरम्मत किया जायेगा। गांव में राजनीतिक जागरूकता लाने का काम किया गया है। योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा देने का काम कर रहे है। हमारा लक्ष्य जेनरेशन को विकसित करना है।

मौके पर सुनील सिंह, संजय महतो, चितरंजन महतो, मुखिया सावना महली, सुषेण प्रमाणिक, राजेश महतो, मिहिर महतो, नवीन महतो, मनोज महतो, शंभू सिंह मुंडा, योगेश्वर लोहरा आदि मौजूद थे।

# लोगों की आकांक्षाओं को प्रधानमंत्री मोदी तक पहुंचाना अभियान का लक्ष्यः प्रतुल

**खूंटी में विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान की शुरुआत**

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए भाजपा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किये गये विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान की गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय खूंटी में शुरूआत की गयी। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, उपाध्यक्ष संजय साहू सहित अन्य स्थानीय भाजपा नेताओं की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान लोगों के सुझाव एकत्रित करने के लिए खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए दो अलग-अलग सुझाव पेटी लांच की गयी। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है, जिसने विकसित भारत की परिकल्पना की है और इसे पूरा करने का वादा भी किया है। इसी परिकल्पना के आधार पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने केंद्रीय कार्यालय दिल्ली से इस अभियान की शुरूआत की है। अभियान का उद्देश्य जन-जन की आकांक्षाओं को सीधे प्रधानमंत्री मोदी तक पहुंचना है, ताकि वे विकसित भारत संकल्प पत्र का आधार बन सके। यह अभियान जनता के समर्पण और विश्वास का प्रमाण होगा। इस अभियान के तहत आगामी लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र के लिए एक करोड़ से अधिक लोगों के सुझावों, आकांक्षाओं और विचारों को जानने का पार्टी ने लक्ष्य निर्धारित किया है। जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से पार्टी के कार्यकर्ता लोगों के सुझाव एकत्रित करेंगे। इसके अलावा मोबाइल में मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 और नमो ऐप की सुविधा लांच की गयी है। जहां मिस्ड कॉल कर लोग अपने सुझाव दे सकते हैं। देश भर के प्रत्येक विधानसभा में 6000 से अधिक सुझाव पेटियां लगायी जायेगी। इसके अलावा देशभर में 500 एलईडी प्रचार वाहन चलाए जाएंगे, जिससे देश के गांव-गांव में मोदी सरकार के विकास का संदेश को प्रसारित किया जायेगा। पार्टी के कार्यकर्ता देशभर में 10 लाख बूथों पर घर-घर जनसंपर्क कर लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देंगे और विकसित भारत की परिकल्पना के लिए लोगों के सुझाव एकत्रित करेंगे। साथ ही देश के 125 प्रमुख स्थानों पर विशेष समुदायों के साथ पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और नेतागण संवाद कर विकसित भारत बनाने के लिए उनसे सुझाव लेंगे।

मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री विनोद नाग, सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश जायसवाल, मीडिया प्रभारी अनूप साहू, प्रदेश युवा मोर्चा कार्य समिति सदस्य प्रियांक भगत, नगर मंडल भाजपा अध्यक्ष सुरेश जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## विकसित भारत मोदी की गारंटी, संकल्प अभियान



तमाड़ (आजाद सिपाही)। विकसित भारत मोदी की गारंटी, संकल्प अभियान के तहत पूरे देश में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किये जा रहे कार्यों को बताया जा रहा है ताकि देश के हर नागरिक विकसित भारत संकल्प अभियान से जुड़े और देश को मजबूत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभायें। जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि 26 फरवरी से लगातार गांव चलो अभियान, लाभार्थी संपर्क अभियान इत्यादि के माध्यम से गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण की दिशा में जागरूकता लाने का कार्य कार्यकत्रओं द्वारा किये जा रहे हैं, ताकि देश सशक्त मजबूत और विकसित हो सके। मोदी के सपनों का भारत विकसित भारत यही मोदी की गारंटी है।

## सेल टैक्स को लेकर दुकानें बंद, छड़ लदी गाड़ी जब्त

मुरी (आजाद सिपाही)। मुरी-सिल्ली मुरी में सेल टैक्स छापामारी को लेकर सिल्ली मुरी की कई दुकान बंद रही। कुछ दुकान खुली रही। सेल्फ टैक्स के अधिकारी छड़ लदी गाड़ी जब्त कर थाने को आज सोप दिया है। ज्ञात हो कि सेल टैक्स अधिकारी आने की खबर यहां दुकानदारों को पहले ही लग जाती है लोग सावधान हो जाते है।

## कामरेड दिवाकर सिंह मुंडा की मां का निधन


फाइल फोटो स्व तिलोत्तमा देवी

तमाड़ (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य किसान सभा के संयुक्त सचिव, रांची जिला किसान सभा के रांची जिला सचिव सह माकपा जिला सचिव मंडल सदस्य कामरेड दिवाकर सिंह मुंडा की मां तिलोत्तमा देवी की आकस्मिक निधन आज सुबह बारेडीह बुंडू में हो गयी। आज 12 बजे दाह-संस्कार कर दिया गया अंतिम संस्कार में पार्टी सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

## सेवानिवृत्त परिचारिका और कर्मचारी को दी गयी विदाई

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला के प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में गुरूवार को एक विदाई समारोह आयोजित कर सेवा निवृत परिचारिका शांति केरकेट्टा और घोबी रामप्रसाद रजक को भावभित्री विदाई दी गयी। मौके पर आरोग्यशाला अधीक्षक पीके भगत ने नर्स शांति केरकेट्टा और घोबी रामप्रसाद के सेवा काल में की गयी, उल्लेखनीय कार्य को चर्चा करते हुए उनके दीर्घ आयु और सुखद जीवन की कामना की। इसके बाद आरोग्यशाला प्रशासन द्वारा शांति केरकेट्टा और रामप्रसाद को अंग वस्त्र और उपाहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ रेणू तिर्की, डॉ अरविंद आर्या, डॉ साजीद जमाल, डॉ निर्माता सिन्हा सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## जनजागरूकता अभियान का आयोजन

तमाड़ (आजाद सिपाही)। झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) महिला मोर्चा केंद्रीय की अध्यक्ष दमयंती मुंडा ने जन-जागरूकता अभियान के तहत आज लुंगटू पंचायत के ऐदेलपीड़ी, पातसायडीह और बघई आदि गांव में बैठके की और पार्टी के नीति सिद्धांत को ग्रामीणों के बीच साझा की। महिला समिति के सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिये। श्रीमती मुंडा ने कहा राज्य वासियों ने बारी-बारी से सभी पार्टियों को सत्ता में बैठाने का काम किया, लेकिन सत्तारूढ़ सभी पार्टियों के लोग अपने सुविधा अनुसार राजनीतिक रोटी सेंकने का काम किया यही वजह रही कि आजतक झारखंड वासियों को अपना पहचान नहीं दे पाये। मौके पर लुंगटू पंचायत समिति सदस्य बोबी मुंडा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजेश लोहरा, चक्रवर्ती देवी, लखीमनी देवी, तिलोसरी देवी, फाल्गुनी देवी, सरस्वती देवी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक छात्र की मौत, एक घायल


मृतक की फाइल फोटो

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू थाना क्षेत्र के रांची टाटा रोड स्थित कॉलेज मोड़ के पास एक मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त होने से एक छात्र की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी तथा एक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमानत अली इंटर कॉलेज के छात्र विमल महतो उम्र 17 वर्ष पिता स्व अमीन महतो ग्राम कुबासाल जाम टोली विजयगिरी तमाड़ थाना का रहने वाला था अपने मित्र गंगाधर महतो उम्र 17 वर्ष पिता दूधेश्वर महतो ग्राम तिलाईपीडी तमाड़ का इंटरमीडिएट ग्यारहवीं का सेंटर संत जेवियर उच्च विद्यालय बुंडू में दिया गया था। बुंडू पुलिस को जानकारी मिलने पर शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आयी है शव का पोस्टमार्टम शुक्रवार को किया जायेगा।

## जब एक महिला स्वावलंबी होती है, तो पूरा परिवार तरक्की करता हैः मंजू देवी



खूंटी (आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया, स्टार आर सेटी संस्थान में चल रहे छह दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण का समापन गुरुवार को हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि खूंटी जिला.परिषद उपाध्यक्ष मंजू देवी और विशिष्ट अतिथि मुरहू प्रखण्ड के उप प्रमुख अरूण कुमार साबू ने 28 प्रशिक्षित महिलाओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। मौके पर मंजू देवी ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जब महिलाएं खुद स्वरोजगार को अपनायेगी, तभी समाज में उन्नति आयेगी। महिलाओं को जब अवसर मिलता है, तो वह सिद्ध कर देती है कि बुद्धिमानी और योग्यता में किसी से कम नहीं है।उन्होंने कहा कि जब एक महिला स्वावलंबी हो जाती है, तो पूरा परिवार तरक्की की राह पर चल पड़ता है। उप प्रमुख अरूण कुमार साबू ने खूंटी के विकास में आर सेट्टी के प्रयास की सराहना की और इसे मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि किस तरह सरकार की पहल, ए बैंक ऋण और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से आर सेट्टी सुदूर गांव के लोगों को गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण देकर उनके विकास के मार्ग का प्रशसत कर रहा है। खूंटी जिले के एलडीएम सनत कुमार दुबे ने बताया की आर सेट्टी में प्रशिक्षण प्राप्त कर हजारों लोगो ने अपनी जिंदगी को सवारा है। उन्होंने कहा कि जहां लोग पहले आजीविका के लिए दूसरे राज्यों में जाने को विवश थे, अब उनके पास रोजगार है। आर सेट्टी में तमाम सुविधाये निःशुल्क है।

## सीपीआइएम माकपा का कार्यकर्ता सम्मेलन कल

तमाड़ (आजाद सिपाही)। सीपीआइएम माकपा का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन 2 मार्च को तमाड राइडीह पथ पर तमाड़ थाना के निकट होगी जिसमें तमाड विधानसभा के प्रमुख कार्य कर्ता को बुलाया गया है जिसमें लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर पाटी की भुमिका की विस्तृत चर्चा होगी। इसके लिए तैयारी अंतिम चरण में है। इस सम्मेलन मे सचिव कामरेड प्रकाश विपलब मुख्य अतिथि होंगे, यह जानकारी तमाड़ विधानसभा प्रभारी व राज्य कमेटी सदस्य सुरेश मुंडा ने दी।

## अबुआ आवास को लेकर ग्रामीणों की बैठक

मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। हेसालोंग गंझू टोला में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत की मुखिया पुतुल देवी उपस्थित थी। बैठक में अबुआ आवास योजना को लेकर चर्चा की गयी। ग्रामीणों ने कहा कि अबुआ आवास योजना के लिस्ट में जो भी गरीब लोग हैं उनका नाम सूची से कटना नहीं चाहिये। साथ ही जो पर्यवेक्षक अबुआ आवास को लेकर जिओ टैग कर रहे उसमें सही तरीके से कार्य हो और किसी भी गरीब का नाम नही छूटे और योग्य लाभुको का नाम नही कटना चाहिये।

